प्रेस प्रकाशनी PRESS RELEASE

भारतीय रिज़र्व बैंक
RESERVE BANK OF INDIA

वेबसाइट : www.rbi.org.in/hindi
Website : www.rbi.org.in
ई-मेल/email : helpdoc@rbi.org.in

**संचार विभाग,** केंद्रीय कार्यालय, शहीद भगत सिंह मार्ग, फोर्ट, मुंबई - 400 001
**Department of Communication**, Central Office, Shahid Bhagat Singh Marg, Fort, Mumbai - 400 001 फोन/Phone: 022 - 2266 0502

23 अक्तूबर 2025

**भारतीय रिज़र्व बैंक ने अपने चौथे ग्लोबल हैकथॉन – HaRBInger 2025 की शुरुआत की**

HARBINGER 2025
Innovation for Transformation

भारतीय रिज़र्व बैंक अपना चौथा वैश्विक हैकथॉन – **‘HaRBInger 2025- परिवर्तन के लिए नवाचार’** आयोजित कर रहा है। प्रतिभागियों को निम्नलिखित विषय और समस्या विवरणों के अंतर्गत प्रौद्योगिकी और नवोन्मेषी दृष्टिकोणों का उपयोग करके समाधान विकसित करने के लिए आमंत्रित किया गया है:

**विषय: “सुरक्षित बैंकिंग: पहचान, सत्यनिष्ठा और समावेशिता द्वारा संचालित”**

समस्या विवरण 1: **टोकनयुक्त केवाईसी**

समस्या विवरण 2: **ऑफ़लाइन सीबीडीसी (ई₹)**

समस्या विवरण 3: **विश्वास बढ़ाना**

HaRBInger 2025 का हिस्सा बनने से प्रतिभागियों को उद्योग विशेषज्ञों से मार्गदर्शन प्राप्त करने और एक प्रतिष्ठित निर्णायक मंडल के समक्ष अपने नवोन्मेषी समाधान प्रदर्शित करने तथा प्रत्येक समस्या विवरण के अंतर्गत रोमांचक पुरस्कार जीतने का अवसर प्राप्त होगा।

| **क्र. सं.** | **श्रेणी** | **राशि** |
|---|---|---|
| I. | प्रत्येक समस्या विवरण में विजेता | ₹ 40 लाख |
| II. | प्रत्येक समस्या विवरण में उपविजेता | ₹ 20 लाख |
| III. | सभी तीन समस्या विवरणों में से सर्वश्रेष्ठ ‘सभी महिला टीम’ (केवल महिला सदस्यों वाली टीम) को विशेष पुरस्कार | ₹ 20 लाख |
| IV. | समाधान विकास के लिए चयनित प्रत्येक टीम को वेतन (प्रोटोटाइप के विकास की लागत को पूरा करने के लिए) | ₹ 5 लाख |

HaRBInger 2025 के लिए पंजीकरण 23 अक्तूबर 2025 से शुरू होगा। अधिक जानकारी (लिंक) पर उपलब्ध है।

**(ब्रिज राज)**

**प्रेस प्रकाशनी: 2025-2026/1369** मुख्य महाप्रबंधक